5811

5811

ढ़ाई शती समारोह के अवसर पर प्रकाशित

जयपुर कला और कलाकार

5811

राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर कला और कलाकार

लेखक सम्पादक

सुमहेन्द्र

जयपुर अढ़ाईशती
समारोह के अवसर पर
प्रकाशित

राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्रकाशक
सचिव,
राजस्थान ललितकला, अकादमी
रवीन्द्र मंच, जयपुर

जयपुर अढ़ाईशती समारोह के अवसर पर प्रकाशित
1978
राजस्थान ललितकला अकादमी, जयपुर

मूल्य : 10/=
मुद्रक :
ऑफसैटर्स
आवरण एवं सज्जा विनोद भारद्वाज

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय, लखनऊ
क्रम 5011
प्राप्ति तिथि
State Museum, Library, Lko.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अनुक्रम

संदेश
जयपुर कलम
परम्परा के चिन्ह
उभरती प्रतिभाएँ
पुनरुत्थान काल
समसामयिक कलाकार
नये उभरते प्रयोगशील कलाकार
मूर्तिकार
सहयोग
लेखक सम्पादक
अनुक्रमणिका

7–20
21–25
26
27–38
39–72
73–84
85–95
96
97
98–100

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ललित कला अकादेमी LALIT KALA AKADEMI
राष्ट्रीय कला संस्थान NATIONAL ACADEMY OF ART

17 सफदरजंग रोड, नयी दिल्ली ।

दिनांक : 28 जनवरी, 79

प्रसन्नता का विषय है कि राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर स्थापना के 250 वें वर्ष की समाप्ति के उपलक्ष में जयपुर के कलाकारों का तथ्यात्मक विवरण प्रकाशित कर रही है । इसमें जयपुर स्थापना से अब तक के सब सृजनशील कलाकारों का लेखा जोखा है जिन्हें जयपुर कलम, परम्परा के चिन्ह, उभरती प्रतिभाएं, पुनरुत्थान काल, समसामयिक कलाकार तथा मूर्तिकार एवं नये उभरते प्रयोगशील कलाकार, श्रेणियों में विभक्त कर प्रकाशन को और सहज एवं उपयोगी बना दिया है । वस्तुत: यह जयपुर के कलाकारों का परिचयात्मक इतिहास है । आशा है कला जगत एवं शोधकर्त्ताओं के लिए यह प्रकाशन महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा । आकादमी के इस प्रयास की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं ।

रा० मिर्धा

(राम निवास मिर्धा)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



भंवरलाल शर्मा

शिक्षा एवं स्वायत्त शासन मंत्री

राजस्थान सरकार

अर्द्ध शा. क्रमांक 25584

दिनांक 22/12/78

-: संदेश :-

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राजस्थान ललित कला अकादमी जयपुर 250 वर्ष समारोह के शुभ अवसर पर एक कला निर्देशिका का प्रकाशन कर रही है। निर्देशिका के माध्यम से कला के क्षेत्र में हुई गतिविधियां, उपलब्धियां एवं आगामी योजना की झांकी उपलब्ध होगी इस शुभकामना के साथ मैं इसकी सफलता चाहता हूं।

(भंवर लाल)

सचिव,
राजस्थान ललित कला अकादमी,
रवीन्द्र मंच,
जयपुर।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कृपाशंकर रस्तोगी,
शिक्षा आयुक्त एवं शासन सचिव

राजस्थान सरकार
जयपुर।

क्रमांक :- एफ-8 (4) शिक्षा/गुप-1 /76

दिनांक- 3 जनवरी 77

संदेश

======

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि जयपुर नगर के अढाई शती समारोह के अवसर पर राजस्थान ललित कला अकादमी, जयपुर के प्रमुख कलाकारों, मूर्ति कलाविदों एवं वास्तु कलाविदों की डाइरेक्टरी प्रकाशित कर रही है।

जयपुर शहर अपनें आपमें उच्चकोटि की वास्तुकला का उदाहरण है और प्रारम्भ से ही यहां विभिन्न कार्यक्षेत्रों के मूर्धन्य कलाकारों को अपनी कला को विकसित करनें के सुअवसर प्राप्त होते रहे हैं जिसके कारण कला जगत में जयपुर का अपना उच्च स्थान है।

मुझे आशा है कि डाइरेक्टरी विभिन्न कलाकारों को एवं उनकी कला को प्रकाश में लाने का सशक्त माध्यम प्रमाणित होगी।

प्रयास की सफलता के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

(कृपाशंकर रस्तोगी)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर
राजस्थान

केoकेo भटनागर
विशिष्ट सचिव (शिक्षा)   दिनांक 26 दिसम्बर, 1978

मुझे जानकर प्रसन्नता हुई कि ललित कला अकादमी द्वारा जयपुर के कलाकारों एवं मूर्तिकारों की निर्देशिका प्रकाशित की जा रही है। जयपुर नगर की 250वीं वर्षगांठ पर अकादमी की यह भेंट इस सुन्दर नगर के सांस्कृतिक वैभव को बढ़ाने में अवश्य सफल होगी।

(केoकेo भटनागर)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर स्थापना के समापन वर्ष पर ललित कला आकादमी जयपुर के कलाकारों का लगभग पूरा विवरण प्रस्तुत करते हुए गौरव का अनुभव कर रहे हैं। जयपुर का कलाकार किसे माना जाय यह बहुत ही दुरूह प्रश्न है। आज की स्थितियों में जमीर की सीमाओं में बंध पाना और उन सीमाओं में बंधकर् काम करना जयपुर के कला इतिहास एवं कलाजगत के लिये उचित प्रतीत नहीं होता। अत: यहां की कलाधारा में जिसका भी अंशदान रहा है उसे सम्मिलित करना आवश्यक हो जाता हैं। बहुत कम समय में इतना बड़ा काम कर लेना निश्चित रूप से अत्यन्त कठिन कार्य है। इसे मैं मात्र सत्तर अस्सी प्रतिशत ही काम मानता हूं। बहुत प्रयास किये हैं पर फिर भी प्रतिभाएं छिपी हुई हैं उन्हें खोजने के लिये समय चाहिए। पुनः फिर भी मैं आशान्वित हूं कि यह प्रकाशन कला जगत के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

राजस्थान ललित कला आकादमी **श्री राम गोपाल विजयवर्गीय कु० संग्राम सिंह श्री रामचरण शर्मा, "व्याकुल" श्री राधा मोहन, श्री नरबदी लाल शर्मा श्री "नान्हा जी" यजेन्द्र प्रकाश शर्मा** के प्रति आभारी हैं जिन्होंने अपने संग्रह में उपलब्ध चित्रों को प्रकाशित करने की अनुमति एवं महत्वपूर्ण सूचनाएं दी। **श्री विनोद भारद्वाज एवं श्री के० पी० सिंह** के अथक प्रयासों से यह प्रकाशन सुन्दर बना सका। और अंत में पर अत्यन्त महत्वपूर्ण **विशिष्ट सचिव शिक्षा श्री के. के. भटनागर उपसचिव शिक्षा श्री आर. एस. शर्मा उपसचिव वित्त श्री अनिल वैश्य** के प्रति हृदय से आभारी हैं जिन्होने तत्काल इस प्रकाशन हेतु अनुदान की स्वीकृति देकर हमारा साहस बढ़ाया। साथ ही सभी कलाकार साथियों के प्रति भी आभारी है जिन्होंने बहुत कम समय की सूचना पर भी वांछित सहयोग दिया।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर कलम

जयपुर की स्थापना के समय से आजतक कला के क्षेत्र में अनवरत काम हो रहा है। जयपुर कलम की लोकप्रियता के पीछे उसके सर्जकों की साधना छिपी है। यद्यपि इस शैली में आज भी काम हो रहा है परन्तु यहाँ मात्र उन्हीं कलाकारों का उल्लेख किया जा रहा है जिनकी मात्र रचना ही शेष रही है :

जयपुर की चित्रकला वस्तुतः आमेर से प्रारंभ हो जाती है। सूर्यवंशी रामचंद्रजी के वंशज कछावा राजपूतों के काल से ही आमेर में कला पल्लवित हुई। राजा भगवन्तदास, राजा मानसिंह, मिर्जा राजा जयसिंह और सवाई जयसिंह कलाप्रेमी और कलाकारों के आश्रयदाता रहे हैं। राजा भारमल की छतरियों में १६०० से १६१५ ई. के बीच में बने चित्र हम आज भी देख सकते हैं। बैराठ और मोजमाबाद में बने भित्ति चित्र भी इसी काल के लगभग हैं। १६५० से ७५ के बीच हमें केवल, मोहनदास के नाम का उल्लेख मिलता है। इसकी रचनाओं में लोक एवं मुगल प्रभाव है। १६९९ से १७४३ तक महाराजा सवाई जयसिंह I के राज कलाकार मोहम्मद शाह ने कृष्ण पर पुस्तक चित्रित की। जयसिंह ने अपने राज्यकाल में पोथी खाना को विस्तृत किया और इस समयलोक प्रभाव एवं जकड़न भरे चित्रण से मुक्ति मिली तथा आमेर और मुगल शैली के मिश्रण से नई शैली का जन्म हुआ। इस समय रागमाला चित्र खूब बने। इन चित्रों का अब अन्तर्राष्ट्रीय महत्व हो चुका है। मौलिक कल्पना, शास्त्रोक्त विवरण, संयोजन में नवीनता और कलाकारों का सधा हुआ हाथ इस काल की कृतियों में विशेषता है, तैयारी में जहाँगीर काल की मंजावट देखी जा सकती है।

महाराजा सवाई जयसिंह I के काल में उपरोक्त मुहम्मद शाह के बाद ईश्वरी सिंह के काल (१७४३–५०) तक आते आते साहिब राम का हाथ सध चुका था। कपड़े पर चन्द्रस लगाकर उन्होंने आदम कद आकार में पोर्ट्रेट खूब बनाये हैं। लालचन्द चितेरा ने जानवरों की लड़ाई के चित्र बनाये। इन चित्रों को बनाने से पूर्व जयनिवास बाग के पश्चिम में स्थित चौगान में होने वाली ऐसी लड़ाइयों का कलाकार, अध्ययन करता था। इनके चित्रों में भय, चिढ़न, खुशी और दुख आदि भावों की सफलता पूर्वक अभिव्यक्ति हुई है। साहिब राम माधोसिंह I (१७५०–६७) के काल में भी बड़े आकार के व्यक्ति चित्र बनाते रहे। इस समय रामजीदास भी अच्छे व्यक्तिचित्र फलक १ बना रहे थे। गोविन्द और कुशल चितेरा इनके साथ काम करते थे।

१

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सवाई पृथ्वीसिंह (१७६७–७६) के काल में हीरानन्द और त्रिलोक ने साथ मिलकर महाराजा की छवि बनाई। इन्ही पृथ्वीसिंह का साहिब राम ने भी १७६७–७६ ई० में छोटा चित्र, फलक २ बनाया जो तैयारी में बेजोड़, मूलरंगों के प्राधान्य से बना सुन्दर चित्र है।

२

प्रतापसिंह (१७७६–१८३०) ने अपने समय में पोथी खाने को विस्तृत रूप दिया। इनके कारखाने में इक्यावन कलाकार थे। रागमाला, दुर्गापथ, भागवत एवं रामायण आदि विषयों से सम्बन्धित इस समय खूब चित्र बने। इन चित्रों के निर्माण में १. रामसेवक, २. गोपाल, ३. उदय ४. हुक्मा, ५. लक्ष्मण, ६. सालिगराम, ७. घासी, ८. जीवन, ९. राधाकिशन, १०. चिमन, ११. राजू १२. घासी पुत्र सीताराम, १३. सीताराम, १४. जीवन पुत्र राजाराम, १५. घासी पुत्र दयाराम, १६. मंगल, १७. फैंजुल्ला, १८. रामकिसन, १९. गोपी, २०. राजाराम, २१. दयाराम, २२. निरंजन, २३. कुशल पुत्र सेवा, २४. सालिगराम बड़ा, २५ गोविन्द, २६. गोविन्दराम, २८. हरिनारायण, २९. रामजीदास, ३०. शिवराम, ३१. उस्तालाल, ३२. गुमना तथा ३३. पन्नालाल आदि कलाकार व्यस्त थे। साहिब राम इस समय भी काम कर रहे थे। सम्भवतः उन्होंने दीर्घ आयु प्राप्त की होगी। इन्होंने विश्वविख्यात रास मण्डल का १५'×६' आकार का विशाल चित्र १७७५ ई० में बनाया। यह चित्र संयोजन एवं कल्पना दोनों ही दृष्टियों से सुन्दर बन पड़ा है। नरसी चितेरा फलक ३ भी दर्शनीय रचना है।



३

उन्नसवीं शताब्दी में पहुँचते पहुँचते हम देखते हैं कि कलाकारों ने विदेशी प्रभाव ग्रहण करना शुरू

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कर दिया था। यद्यपि यह स्वीकार करना पड़ेगा कि प्रभावों के उपरान्त भी उन्होंने मौलिक सृजन किया, वस्तुतः प्रभावों को अपनी इच्छानुसार ही स्वीकार किया। यह स्थिति पुनरूत्थान काल के आते आते तो काफी बिगड़ चुकी थी। फिर भी इन कलाकारों का ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्व है। कम्पनी प्रभाव लिये जयपुरी ठाठ को समेटे उन्नीसवीं शताब्दी के सबसे पहले कलाकार गुमना १८०० ई० फलक ४ है। इस समय तक 'मेम' और 'साब' बनाने का प्रचलन काफी बढ़ गया था। परम्परागत भवन और सज्जा में साब की गोद में मेम बैठी दोनों प्रेम प्रसंगों में व्यस्त हैं। चित्र को भव्य रूप देने के लिए पारिचारिकाएं खड़ी हैं। तैयारी में कोई कमी नहीं आती लेकिन फिर भी आकृतियों में जकड़न भावभिव्यक्ति में बाधा उत्पन्न करती है और रचना केवल कौशल भर सी लगने लगती है। इसके ठीक विपरीत साधू लच्छी राम १८२६ ई० कल्पना शील कलाकार हैं जिसकी रेखाओं में सधाव और कल्पना में निजस्व दर्शनीय है। यहां प्रकाशित फलक ५ उनका स्वचित्र है। इसके अतिरिक्त एक वर्ष बाद इन्हीं के बनाये हुए नायिका के चित्र में विरह की अभिव्यक्ति, काम की पीड़ा, सुन्दर प्रतीकात्मक रूप से उभरी है।

४



५

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सवाई जयसिंह के काल तक आते आते कला में ह्रास प्रारम्भ हो गया था। इस समय भी साहिब राम एवं उसके समकालीन कलाकार परम्परा को जीवित रखने में लगे हुए थे। अन्य कलाकार यूरोपीय दृश्य चित्रों से बुरी तरह प्रभावित होते जा रहे थे।

महाराजा सवाई जयसिंह II (१८१८-३५) और सवाई रामसिंह (१८३५–८०) के काल में फोटोग्राफी और विदेशी प्रभाव लगभग पूर्ण रूप से छा गया था इस समय १ फकीरा, २. रामजी, ३. मंगल, ४. रामचन्द्र, ५. मोहनलाल, ६. रामलाल, ७. गंगाबक्श, ८. माधोलाल, फलक ६, ९. बक्ता १०. केसा और ११. रामलाल आदि कलाकारों के नामों के उल्लेख मिल जाते हैं।

७



६

८

महाराजा रामसिंह द्वारा १८५७ में मदरसे हुनरी के नाम से स्थापित संस्था जो बाद में महाराजा स्कूल ऑफ आर्टस एण्ड क्राफ्ट्स के नाम से प्रसिद्ध हुई, के प्रथम आचार्य सी. एस. वैलेन्टाइन बने। इनके साथ मद्रास स्कूल ऑफ आर्ट्स के शिक्षकों का समूह भी आया था। यह स्वतंत्र

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



९

संस्था रही जो सीधी महाराजा रामसिंह की देख-रेख में चलती थी। उपेन्द्र बाबू फलक ७, शंकर दयाल सक्सेना, असित कुमार हल्दार फलक ८, हिरण्मय राय चौधरी, के. के. मुकर्जी + फलक ९, शैलेन्द्र नाथ डे, फलक ११ में बैठे हुए, चित्र फलक १० एवं रामगोपाल विजयवर्गीय, फलक ११ में खड़े हुए आदि इस संस्था के आचार्य रह चुके हैं। यहाँ विधिवत अध्ययन की व्यवस्था हुई। आजकल यह संस्था राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस के नाम से किशन पोल बाजार में ही पुराने भवन में स्थित है।

१०

११

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh


११ (अ)

5811

सवाई माधोसिंह II (१८८०–१६२२) के काल में भी विदेशी प्रभाव बढ़ता ही गया। यद्यपि इस समय भी परम्परागत शैली का निर्वाह कुछ कलाकार कर रहे थे पर तैयारी में कमजोरी साफ दिखने लग जाती है। इस समय १. गंगाबक्श पुत्र लक्ष्मीनारायण, २. पन्ना, ३. गोपीराम, ४. गोपीनाथ पुत्र बालगोविन्द, ५. गोपीनाथ पुत्र बंशीनाथ, ६. गंगाबक्श पुत्र गोविन्द, ७. मुरली, ८.छाजू राम पुत्र रामचन्द्र, ६. मोहनलाल शर्मा, १०. रघुनाथ पुत्र रामचन्द्र, ११ नन्दराम, १२. कालुराम, १३. गोपीनाथ, १४. जगन्नाथ, १५. गंगाबक्श एवं १६. गोपीराम आदि कलाकारों के नामोल्लेख मिलते हैं।

अब २० वीं० शताब्दी के कलाकारों के बारे में विस्तृत सूचनाएं मिलने लगती हैं। पैतृक व्यवसाय के रूप में काम करने वाले कलाकार घरानों में तो आज भी कलाकार मौजूद हैं और काम कर रहे हैं। मुरली जी पोथी खाने में काम करते थे इनका चित्र फलक १२ यथार्थवादी शैली में बना दृष्टिक्रम का बखूबी निर्वाह करता है। कबूतरों के भुण्ड में भी दूरी का आभास दिया है। एक-एक बारीकी को सफलता पूर्वक उभारा है। इस चित्र में रोशनी के खम्बे के नीचे घूंघट में बैठी स्त्री और उसके दो बच्चे में मिनियेचर का बारीकी यथार्थ

१२

का निर्वाह और कलाकार का अध्ययन साफ देखा जा सकता है। तस्वीर लघुचित्र तकनीक में ही बनी है। इनके पुत्र मोहन लाल शर्मा फलक १३ स्वचित्र है। इनका पाँच सात वर्ष पहले ही स्वर्गवास हुआ है। रचना, फलक १५,१८६६ में बनाई गई नवलगढ़ के ठाकुर महाराज साईल सिंह की तस्वीर है। गलीचे में आधुनिकता और आकृति में फोटोग्राफी का प्रभाव इसमें स्पष्ट देखा जा सकता है। इन्होंने दर्शनी तस्वीरें लघुचित्र शैली में भी खूब बनाई हैं। सब तरह का ही काम करते थे। इनके

१३

१४

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पुत्र महीपाल जन्म १९२५, की संगीत और ज्योतिष में भी रुचि थी। महाराजा स्कूल आफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स से क्ले मॉडलिंग में १९४२ में डिप्लोमा प्राप्त किया। १९४८ से बून्दी महाराजा के यहाँ कलाकार और आर्किटेक्ट का दोनों ही कार्य किये। १९५२ में वहाँ से आकर मेडिकल कालेज, जयपुर म्यूजियम, पुरातत्व विभाग एवं कृषि विभाग में कार्य भी किया पर कोई नौकरी रास नहीं आई। फिल्म लाइन में आकर देसी विदेशी फिल्मों के बैनर का काम भी किया। ४'× ६' में ईरानी पोलो की बनाई हुई तस्वीर आज भी स्व० महाराजा मान-सिंह के निजि संग्रह में है। इनके चित्र फलक १६ में भी यथार्थ और परम्परा का मिश्रण देखा जा सकता है। दुबले से फलक १४ पर बहुत तेजी से जल्दी काम करते थे। ज्यादा जी नहीं सके।

१६

१५

एक और घराना रामचन्द्र मुसव्वर का है। रामचन्द्र मुसव्वर के नाम से जयपुर में आज भी गली है। यह उस समय कलाकारों में राज्य से जो मान सम्मान मिलता था उसका ज्वलंत प्रमाण है। रामचन्द्र मुसव्वर की तस्वीर 'भोपजी नाथावत का बेटा' का पोर्ट्रेट रामसिंह काल की छाप लिये यथार्थ वादी शैली में सुन्दर चित्र है। आश्चर्य इस बात का है कि यथार्थ वादी प्रभाव को आत्मसात कर इन्होंने मिनियेचर की बारीकी भी कायम रखी। रामचन्द्र पेनटर (पेन्टर) ने तस्वीर हीरा लाल जी का चेला की' पोर्ट्रेट भी बनाया है। बहुत ही अच्छा फिनिश पोर्ट्रेट यह शक अवश्य पैदा कर देता है कि रामचन्द्र मुसव्वर और पेन्टर कहीं अलग-अलग तो नहीं हैं। पर तैयारी के स्तर पर दोनों ही चित्र लगभग बराबर हैं। अब "कलम रूघनाथ की बेटा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

रामचन्द्र मुसव्वर का निजरी साल गिरह मिति भादवा बुदी ६ संवत १६७४ ग्रामेर का दृश्य है ग्रौर इसी तकनीक में लगभग टिन्टेड ड्राइंग से मिलता जुलता फलक ११ (अ) चित्र है। रामचन्द्र के बेटे छाजू राम ने भी पोर्ट्रेट बनाये हैं। इनका बनाया हैण्डले का चित्र ग्रच्छा यथार्थ प्रभाव लिये हुए है। इन्हीं के भाई गंगाबक्श बेटा राम चन्दर का, फलक १७, सभी प्रकार के चित्र बनाते थे। यह प्रमाणित होना कठिन लग रहा है कि क्या यही गंगा बक्श स्कूल ग्राफ ग्रार्टस में शिक्षक थे ? गंगा बक्स बेटा लछमी नारायण चित्रकार का, फलक १८ ग्रंग्रेजी कागज पर बना लगभग स्केच सा चित्र ग्रौर है।

गणेश जी फेडवाल सिटी पैलेस में ही नौकरी करते थे। स्व० महाराजा सवाई मानसिंह को ग्राप चित्रकला सिखाते भी थे।

एक घराना ग्रौर जिसका पीढ़ियों से कला से सम्बन्ध रहा है, वे हैं ईसर जी। इनकी रचनाएं देखने को नहीं मिल सकीं। इनके पुत्र खाजू राम जी फलक १६ मन्दिरों में काम करते थे। ग्रजमेर की नसियां में ग्रापने काम किया। कला के ग्रतिरिक्त दुखी लोगों का मेसमेरेजम से इलाज भी करते थे।



१८



१७

नाथू लाल जी महाराजा माधोसिंह के मर्जीदान कलाकार थे। पोथी खाना में काम करते थे ग्रौर एक बुर्ज पर ग्रलग ही बैठते थे। जब भी इच्छा होती माधोसिह जी इनके पास ग्राकर बैठ जाते थे। इज्जत इतनी कि दो घोड़े लाने ले जाने के लिये तैनात रहते थे। याद इतनी लाजवाब कि किसी सभा में बैठते तो उन सब चेहरों को देखकर दूसरे दिन पूरे ग्रुप की तस्वीर बना देते थे। शिव का ताण्डव नृत्य इनकी रचना फलक २० दर्शनीय है। इनका चित्र फलक २१ है। ग्रभी हाल में स्वर्गवासी हुए गेंदी लाल जी काला इन्हीं के शिष्य थे। नाथू लाल जी के पुत्र भौंरी लाल जी, फलक २२ खुल्ला (फ्री लान्स) काम करते थे। ज्यादा उम्र नहीं जी सके। इनके पुत्र यजेन्द्र प्रकाश शर्मा ग्राज भी कार्यरत हैं। दूसरे भाई बुद्ध करण शर्मा भी मेडिकल कालेज से सेवा मुक्त हुए हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जिनके नाम ही मालूम है वे श्याम लालजी पोथी खाने में कलाकार थे, शिकार, दरबार दृश्य, राम लीला आदि विषयों पर परम्परागत शैली में काम करने के साथ यथार्थवादी शैली में भी काम करते थे। रघुनाथ जी भी पोथी खाना में ही काम करते थे। संभवतः पांच सात वर्ष पूर्व ही स्वर्गवासी रघुनाथ बाबा मिनियेचर में अच्छी गति रखते थे। नारायण लाल जी कुमावत, अनुकृति बनाने में कुशल तैल रंगों में पोर्ट्रेट बनाने में विशेष दक्ष थे। इन्होंने ख्याली तस्वीरें भी खूब बनाईं। माधोजी खोवाल पुरानी बस्ती में रहते थे। त्रिपोलिया बाजार में इनका स्टूडियो था। तैल रंगों में पोर्ट्रेट बनाने के साथ फोटोग्राफी भी करते थे। स्टूडियो के अतिरिक्त पैलेस में ही नौकरी करते थे। रामप्रसाद जी अलवर महाराजा के निजि कलाकार थे। महाराजा जयसिंह इन्हें भाई साहब कहते थे। वहा के पोथी खाने में अफसर से अनबन होने पर जयपुर आ गये और यहीं बस गये। उन्हीं के भाई बिशन जी भी अलवर महाराजा से नाराज होकर नौकरी छोड़ आये और

१९



२०



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर में बस गये। इन्होंने दर्शनी तस्वीरें खूब बनाई हैं। रघुनाथ जी पंवार जयपुर में जन्मे, उदयपुर महाराजा के मर्जीदान होकर फिर वहीं बस गये। सब तरह का काम करने वाले रघुनाथजी पंवार ख्याली तस्वीरें भी अच्छी बनाते थे। बद्री जी बारू खुल्ला ही काम करते थे। तैल और जलरंग दोनों ही माध्यमों पर इनका अधिकार था। पुरानी बस्ती के निवासी इनके पिता मोहन जी बारू भी यही काम करते थे। छुट्टूजी बारू तेल और जलरंग दोनों ही माध्यमों में पर्दे खूब बनाते थे। भौंरी लाल जी (डाडाबाज) कुमावत नमक की मण्डी में रहते थे। मकानों एवं मन्दिरों में तैल व जलरंगों में काम करते थे। नाथू लाल जी माली आर्ट स्कूल के पीछे रहते थे। फोटो पर पहले तैलरंग (फुलेरा पेन्टिग) लगाकर उसे रंगीन करना और सजावट के लिए ऊपर से काम करना इनकी विशेषता थी। सोने के

२१



२२

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

काम में भी माहिर इन्होंने ऐसी तस्वीरों को बढ़िया फिनिश दी है। हजारी लाल जी कड़वारिणया पर्दे बनाने और मकानों में चित्रण का काम करते थे। राम गोपाल जी पटेल ने खूब ख्याली तस्वीरें बनाई। हजारी लाल जी कड़वारिणया की रचना बाबा हरिशचन्द्र मार्ग में गणेश जी के दरवाजे में स्थित गणेश जी के मन्दिर में देखी जा सकती है। यथार्थवादी चित्रण के साथ काल्पनिक अंकन इनकी विशेषता है। अन्दर शिवबरात का चित्र कल्पना शक्ति का उदाहरण चित्र कहा जा सकता है। गणेश जी (मर्द) इसी दरवाजे में रहते थे। देशी कागज पर यथार्थवादी शैली में काम करते थे।

लाला जी दिल्ली वाले नाथूलाल जी के सम-कालीन हाथी दांत पर चित्रण करते थे। मिलाण (पोर्ट्रेट) का काम करने में खूब अच्छी फिनिशिंग करते थे। काम बस अंग्रेजों का ही करते थे। हिन्दुस्तानियों से न जाने इन्हें क्यों चिढ़ थी। पर-दाज के काम में इनका कोई सानी नहीं था। लक्ष्मीनारायण जी चोपल भी पोथी खाना में ही काम करते थे। राम सहाय जी कुदाल के नाम का भी उल्लेख मिलता है। रामचन्द्रजी फेडवाल और मक्खन जी फेडवाल मन्दिरों का काम करते थे। कालूरामजी डैरोलिया अचरोल ठाकुर साहब के रास्ते में रहते थे। तैल रंगों में पोर्ट्रेट ज्यादा बनाते थे। बहुत नजाकत पसन्द, लियाकत वाले कालू-रामजी अच्छे कपड़े पहनने के बेहदशौकीन थे।

२४

२५

२६



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आज जयपुर रेल्वे स्टेशन पर कृपालसिंह द्वारा बनाये गये गणगौर के चित्र में नारायण जी पटेल ने तकनीकी सहयोग दिया था। १९६१ में स्वर्गवासी इन्होंने इन्दौर के महलों में भी काम किया। जयपुर के चन्द्र महल को भी सजाया। इनके परिवार के एक पुत्र ब्लूपॉटरी में आज भी काम कर रहे हैं दूसरे दामोदरजी एवं लल्लूजी की दिनेश प्रिन्टर्स के नाम से बाबा हरिशचन्द्र मार्ग में प्रेस है। गोविन्द नारायण जी फोटोग्राफर चौगान जी की तरह ख्याली तस्वीरें तैल रंगों में बनाते थे। बाबा हरिशचन्द्र मार्ग में दरवाजे से सीधे जाकर खेजड़े के रास्ते के चौराहे पर बने भैंरूजी के मन्दिर में चित्रण इन्हीं द्वारा किया हुआ है।

शिवनारायणजी 'चौगानजी' कुमावत, विशिष्ट कलाकार हैं। ज्यादा न जी सके पर अजन्ता शैली का परिष्कृत रूप इनकी रचनाओं में मिलता है। तैल रंग माध्यम पर इतना अधिकार और रेखांकन में इतना दम तथा कल्पना में उतनी मौलिकता बिरली ही मिलती है। दैनिक जीवन के चित्रण में भी अलंकारिकता का आवरण रखा लेकिन अध्ययन के मामले में चित्र देखते ही कलाकार के प्रति श्रद्धा से सिर झुक जाता है। फलक २३।

मोहनलाल शर्मा राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स में शिक्षक थे। कम उम्र में ही स्वर्गवासी इनकी रचनाएं, फलक २५ वाश में बनती थीं। राजस्थानी कलम का प्रभाव और अलंकरण की बारीकी के साथ यथार्थवादी दृश्य और बंगाली प्रभाव सारे चित्र में छाया मिलेगा।

जयपुर रामनिवास बाग में स्थित म्यूजियम में कुछ अनुकृतियां बनी हुई हैं हरीनारायण, मुरली गोविन्दनारायण, गैंदालाल, बद्रीनारायण एवं नन्द की रचनायें आज भी देखी जा सकती हैं।

सालगराम की बनाई तस्वीर फलक २६ कागज पर बनी हुई बहुत अच्छी फिनिश तस्वीर तो है पर रेखांकन में कम्पनी प्रभाव की जकड़न वहाँ साफ



२७



२८

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दिखाई देती है । घासीराम का गनेशजी की सवारी का चित्र फ. २७ जयपुर शैली की बाद की शैली की प्रतिनिधि रचना है । दोनों पर ही हस्ताक्षर ऊपर से किये हुए हैं । चार जिराफों की तस्वीर फलक २८ चित्रकार नाथु की बनाई हुई है । साल गिरह पर इस चित्र को संवत १९४१ में नजर किया गया था । गणेश ने रामनिवास बाग के रीछ का चित्र १९५० में बनाया था ।

रामप्रताप संभवतः महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स के विद्यार्थी रहे हैं क्योंकि इनकी रचना पर १९०७ वर्ष अंकित होने के साथ स्कूल ऑफ आर्ट्स भी लिखा हुआ है यह गंगा की तस्वीर है । इन्होंने यर्थाथ वादी शैली में पौराणिक एवं दैनिक विषयों के चित्र फलक २९ खूब और अच्छे बनाये हैं । काल्पनिक उड़ान के बाद भी इनकी सीताजी या राधाजी जयपुर की ही कोई सुन्दरी लगती है । अंकन में दूरी का आभास देने में इनकी रचनायें बेमिसाल हैं । कुछ पोर्ट्रेट फलक प्रभाववादी सा प्रभाव लिये सुन्दर व्यक्तिचित्र हैं । इन पर कलाकार ने अपना नामोल्लेख नहीं किया पर उन्मुक्तता के साथ वास्तविकता के कारण, लगता है कहीं राम प्रताप के ही बनाये हुए न हों । फलक ३० के चित्र की खूबसूरती और कलाकार का अध्ययन दर्शनीय है ।

२९:

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आज भी परम्परागत शैली में काम हो रहा है। वंश परम्परा से यह काम जिन्हें पैतृक व्यवसाय के रूप में मिला वे अभी भी रचनारत हैं। बेशक अवस्था की कठिनाई भुगत रहे हैं लेकिन ब्रुश बाँधना, रंग तैयार करना और नये विषय बनाने की कल्पना करना, ये सब श्रेष्ठ तरह से यही कर सकते हैं।

'नान्हा जी' यजेन्द्र प्रकाश शर्मा

सोलह वर्ष की आयु में ही पिता श्री का स्वर्गवास हो गया। अतः दादा श्री नाथूलाल जी से काम सीखा। जयपुर सिटी पैलेस में २१ वर्ष तक सेवा की और अलवर के राजकीय संग्रहालय में ग्यारह वर्ष की सेवा के बाद १९६४ में सेवा मुक्त हुए। राजस्थानी शैली फ० ३१ के साथ यथार्थवादी काम भी करते हैं। चित्र फलक ३२।

स्टूडियो टिक्की वालों का रास्ता, म. नं. ८३७ किशनपोल बाजार, जयपुर।

कल्याण सहाय शर्मा

महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स से १९३९ में डिप्लोमा प्राप्त किया। शिक्षा विभाग में १९४३ से १९७७ के सेवाकाल में विभिन्न

३१

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

संस्थाओं में कला शिक्षा कार्य किया। वाश में आपने कई अच्छे चित्र बनाये हैं। 'अन्तिम समय' चित्र लेखक को आज तक याद है जो बचपन में देखा था। प्रस्तुत रचना फ़० ३३ में फिनिशिंग दर्शनीय है। चित्र फलक ३४।

स्टूडियो बाबा हरिश्चन्द्र मार्ग, म. नं. ६९४, जयपुर।



३२

३३

नरबदीलाल शर्मा

महाराजा स्कूल आफ आर्ट्स के ही विद्यार्थी नरबदी लाल शर्मा ने १६३८ में डिप्लोमा प्राप्त किया। इसी संस्था से जो अब राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स है से १९७५ में अवकाश प्राप्त कर अपने घर पर ही साधना में जुटे हैं। एक विशिष्ट प्रकार के जयपुर शैली के ही मकान में छोटे से सादगी भरे कार्यकक्ष में इन्हें ऐतिहासिक धार्मिक एवं जन जीवन को चित्रित करते देखा जा सकता है। भिश्ति से पानी पीते हुए आदमी, विलियम ओमन्स का रेखा चित्र, महाराजा सवाई मान सिंह का बचपन, हुक्का पीते हुए ग्रामीण, पेड़ के पीछे छिपी कृष्ण को निहारती राधिका, तीतरों का समूह एवं गांधीजी का चित्र इनके पास अब भी देखे जा सकते हैं। स्वभाव से सीधे साधे, ठेठ जयपुरी लहजे में जीते, बेहद सफाई पसन्द, माथे पर बड़ी लाल गोल टीकी लगाये नरबदी लाल उम्र के बोझ से झुक तो गये हैं पर साधना में कमी नहीं आने दी। मूलतः मिनियेचर तकनीक व शैली में इनके काम में अच्छी परदाज और तैयारी है। फलक ३५, ३६।

३४



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

स्टूडियो : मिश्रराजा जी का रास्ता, जैन मन्दिर के पास, मं. नं. ८४५, जयपुर ।

छुट्टनलाल जी

आज लगभग ८२ वर्ष की उम्र पर पहुँच गये हैं। अब तो दिखाई भी कम देता है । चलने के लिये भी सहारे की आवश्यकता होती है । लगभग ३५ वर्ष पूर्व पोथी खाने से अपनी स्वेच्छा से छुट्टी ले ली । फिर स्वतंत्र ही काम किया । इनके चार पुत्र बाबूलाल, नवलकिशोर, मुन्नालाल एवं कौशलकिशोर सब अपना पैतृत ही काम करते हैं ।

स्टूडियो जाट के कुंए का रास्ता, पंचवीरों के कुएं की गली, म. नं. १५३१, जयपुर ।

सुन्दर लाल शर्मा 'श्याम सुन्दर'

पैतृक व्यवसाय को आज भी अपनाये बिलकुल। मस्तमौला रूप में सुन्दर लाल जी देखते ही कलाकार लगेंगे । मुँह पर तक, जरुरत के समय गिलेरी की ब्रश पोंछ डालते हैं । हाथ पर ब्रश की लाइनें और कपड़ों पर रंग के धब्बे, हमेशा खोये से, धोती बाँधे बगल में बस्ता और ब्रश की डिब्बी दबाये, वृद्धावस्था में भी तेज चलते हुये कोई कलाकार

३६

३५

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जयपुर की गलियों में कहीं आता जाता दिखाई दे जावे तो समझ लीजिये वह सुन्दर लाल जी ही हैं। पोथी खाने के बाद खुल्ला ही काम किया। वैसे कुछ समय के लिये वनस्थली विद्यापीठ में भी अध्यापन के लिये गये पर बन्दिश बर्दास्त न कर सके। गंगा बक्ष और रघुनाथ बाबा के परिवार से सम्बन्धित हैं।

बृह्मानन्द शर्मा

गणेश जी फेडवाल के पुत्र दरबार मिडिल स्कूल से कुछ वर्षों पूर्व ही सेवा मुक्त हुए मास्टर जी तैल रंगों में विशेष रुचि रखते हैं। व्यक्ति चित्र और दर्शनी तस्वीरें दोनों ही साधिकार बनाते हैं। सीधे, सरल इनकी रचनाओं, रंगों में गाम्भीर्य दर्शनीय है।

स्टूडियो : बाबा हरिश्चन्द्र मार्ग, मालियों का चौक, जयपुर।

जगन्नाथ शर्मा

जयपुर में १९१२ में जन्म। महाराजा स्कूल आफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्टस से १९३१ में चित्रकला में डिप्लोमा प्राप्त किया। कला विरासत में मिली। राजस्थान स्कूल आफ आर्ट्स से १९६७ में सेवा मुक्त। चन्द्र महल एवं राष्ट्रीय भवन में अन्तकरण का काम कर चुके हैं। आजकल जयपुर की बनी मूर्तियों पर रंग करने का काम कर रहें हैं। फ ३८।

स्टूडियो : खूंटेटों का रास्ता, जयपुर

वेदपाल शर्मा 'बन्नू'

वेदपाल "बन्नू" महीपाल का पुत्र उदार और मितभाषी फलक है। बन्नू ने राजस्थानी चित्र शैलियों का गहन अध्ययन किया है। आज किसी भी शैली में विशेषज्ञ यदि कोई है तो केवल बन्नू। लगभग पैंतीस वर्ष के इस युवक ने आधुनिक चित्रों में कुछ काल्पनिक चित्र बनाये हैं जो लीक से हट कर हैं। चाहे वे पन्सिल में बने हों या रंग से रेखांकन में दमखम और फिनिशिंग में गजब की बारीकी के साथ यह महत्त्वपूर्ण है कि बन्नू केवल कौशल के पीछे नहीं जाता उसे मालूम है तस्वीर में

३७



CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

किस जगह पर ज्यादा और कम तैयारी देनी है। यदि फ्रान्सिसी कलाकार माने की वीनस उसी की अनुमति होकर भी क्रान्तिकारी मौलिक रचना है तो बन्नू की यह नारी आकृति फलक ३७ परम्परा और यथार्थ के बीच की सुन्दर कड़ी ही नहीं आधुनिक राधा मानी जायगी। चित्र फलक ३६।.

•

स्टूडियो : मोहन चित्रकला मन्दिर, सुभाष चौक, जयपुर।

३८



३९

मोहनलाल शर्मा

सुन्दरलाल जी के पुत्र मोहनलाल भी कुछ वर्षों से जयपुर नहीं रह रहे हैं। राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस से डिप्लोमा प्राप्त इन्हें चित्रण के साथ लेखन (पाण्डुलिपि के अक्षर लिखने) में भी दक्षत प्राप्त की है। रंगों की तैयारी और संयोजन में अपनी मौलिकता रखने वाले आप सभी शैलियों में साधिकार काम कर सकते हैं।

राधेश्याम शर्मा

सुन्दरलाल जी के दूसरे पुत्र कुछ समय तक सरकारी सेवा में भी रहे पर कला क्षेत्र में ही आ गये। राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स के विद्यार्थी रह चुके हैं। सामाजिक पचड़ों से कोसों दूर, लघुचित्र शैली के लिये ही समर्पित इन्हें सभी शैलियों का अच्छा अध्ययन है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

उभरती प्रतिभाएँ

परम्परा शैली के चित्रों की बढ़ती लोकप्रियता ने अनुकृति को अत्यधिक प्रोत्साहन दिया है। मांग ज्यादा होने के कारण चित्र बनाने में ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति जुट गये। ऐसे कलाकारों की लम्बी सूची है। जो कुछ भी ठीक काम कर रहे है यहाँ उन्हीं का उल्लेख किया जा रहा है।

प्राचीन चित्रों के व्यापार के साथ इस शैली के काम करने वाले कलाकारों की आवश्यकता अनुभव हुई। धीरे-धीरे कुछ अच्छे चित्रकार तैयार हुये जो इस परम्परा में दक्ष, प्रतिष्ठित कलाकार हैं। जिनके नाम इस पूरे विवरण में कहीं न कहीं उल्लेखित हो चुके हैं, उनके अतिरिक्त इरशाद, माध्यम में अधिकार के लिये सुप्रसिद्ध हैं। इकराम और उस्मान दोनो भाई हैं और सभी शैलियों पर समान अधिकार रखते हैं। रमेश और उसके भाई सुरेश तथा कृष्णा भी इस क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। रमेश चन्द्र शर्मा अब भी स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन कर रहे हैं, उनके भाई भानू दोनो ही अच्छा काम कर रहे हैं। जगदीश प्रसाद अजमेर रोड़ पर कामां हाऊस में रहते हैं, पिछवाई तस्वीर और हाथीदांत की पटरी तीनों पर ही बहुत बढ़िया काम करते हैं। रमेश ग्रामीण राजस्थान ललित कला अकादमी से पुरस्कृत राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस के विद्यार्थी आज कल बम्बई में हैं, अनुकृति से साक्ष तस्वीरों के रेस्टोरेशन का काम भी साधिकार करते हैं। एक राधेश्याम 'अनाडी' अच्छी फिनिशिंग और अपनी कल्पना से किसी भी शैली में सुन्दर संयोजन बनाने में सक्षम हैं। इनके भाई कालूराम ने भी अच्छा अभ्यास किया है। महेंन्द्र सिंह शेखावत के पास कई विद्यार्थी काम करते हैं। स्वयं अच्छे कलाकार पिछवाई बनाने के लिये जाने जाते हैं। अस्लम और अख्तर बाल कलाकार मुगल पन्नों पर काम कर रहे हैं। शंकरलाल झालाणियों के रास्ते में रहते पर्दे बनाने के लिये मशहूर थे। उनके साथ सुदेश कुमार जो आजकल दिल्ली रह रहे हैं कांगड़ा के मास्टर आर्टिस्ट हैं। बाबूलाल शर्मा राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस से डिप्लोमा प्राप्त चित्र एवं मूर्ति दोनो ही माध्यमों में गति रखते हैं। मूर्ति मोहल्ले में निवास परम्परा शैली में भी इनका अच्छा अभ्यास है। महेन्द्र कुमार शर्मा स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन कर चुके हैं। अब मुगल और राजस्थानी दोनों ही प्रकार का काम अच्छा कर रहे हैं। राम चरण स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन कर रहे हैं साथ ही विरेन्द्र कुमार शर्मा के कार्यकक्ष पर परम्परागत शैली में काम सीख रहे हैं। तोताराम पांचाल स्कूल ऑफ आर्टस में अध्ययन के साथ परम्परागत शैली में भी कार्य करते हैं। कई जगह व्यापारियों के यहाँ १०–२० कलाकार काम करते हुए मिल सकते हैं पर उनके नाम खोज पाना कठिन है क्योंकि न वे अपना नाम बताना चाहते हैं और न व्यापारी लोग उनका नाम जानने देते हैं। यह निश्चित है कि आज इस प्रकार का काम करने वाले कलाकार जिन्हें यह शिक्षा न भी मिली हो उन्हें मिला कर पाँच-सात सौ तक हैं। इन्हें खोज कर उनकी प्रतिभा को उजागर करने के लिये अलग से पुस्तक प्रकाशित करने की आवश्यकता होगी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पुनरुत्थान काल

नवजागरण के समय कला भी प्रभाव से बच नहीं सकी थी। देश के प्रति अथाह श्रद्धा ने अंग्रेजों को ही बाहर निकालने का संकल्प ले लिया व उनके सभी प्रभावों को उखाड़ फेंकने हेतु कृत संकल्प हो गये। बंगाल से प्रारंभ हुए इस आन्दोलन में जयपुर का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन कलाकारों का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत है।

बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में जयपुर के या यहां आकर बसे कलाकार पुनरुत्थान काल से प्रभावित रहे हैं। इन्होंने पाश्चात्य प्रभाव त्यागने का प्रयास किया और भारतीयता के पक्षधर होकर मिनियेचर, वाश आदि तकनीकों में स्वतंत्र मौलिक चित्रांकन किया। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में जब कालीघाट चित्र परम्परा ही शेष बची थी, पच्छिमी साम्राज्यवाद ने यहां की कांगडा की कोमलता किशनगढ़ की कमसिन कल्पना और मुगल की तैयारी को धू धू कर स्वाहा कर दिया। आश्चर्य की बात है कि अंग्रेजों द्वारा ही भारतीय संस्कृति में दिलचस्पी लेने के कारण भारतीय कला का अध्ययन होना प्रारम्भ हो सका। नवीन खोजों द्वारा काल के गर्त से ढकी हमारी कला हमें देखने को मिली। उस समय लगभग यह स्थिति थी कि भारतीय, अंग्रेजी किस्म के चित्र बनाना चाहते थे और अंग्रेज भारतीय शैली के प्रशंसक बनते जा रहे थे।

कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट की स्थापना और ई० बी० हेवल की व्यक्तिगत दिलचस्पी के कारण कुमार स्वामी जैसे शोधक एवं कला पारखी तथा संरक्षक ने जन्म लिया। इण्डियन सोसाइटी ऑफ ओरीएन्ट्ल आर्ट ने अवनीन्द्र नाथ ठाकुर के मार्ग दर्शन में भारतीय कला छात्रों को देशज अभि-व्यक्ति की ओर उन्मुख किया। रवीन्द्र नाथ ठाकुर ने भी कुमार स्वामी के साथ भारतीय कला पर चिन्तन किया, उसका प्रचार-प्रसार किया। बेशक जो कलाकार तैयार हुए वे चीनी जापानी और पश्चियन प्रभावों से पूर्णतः मुक्त तो नहीं हो सके फिर भी लगता था उनकी रचनाएं भारतीय हैं। अवनीन्द्र नाथ टैगोर ने एक लम्बी शिष्य परम्परा स्थापित की। नन्दलाल बोस, आसित कुमार हल्दार, समरेन्द्र नाथ गुप्ता, वैंकटप्पा, विनोद बिहारी मुकर्जी, मुकुल डे और शारदा उकील आदि कला-कारों ने अपनी साधना को भारतीय गन्ध दी जिसे समाज ने जाना और स्वीकार किया।

इसी शिष्य परम्परा से आसित कुमार हल्दार जयपुर आये और महाराजा स्कूल ऑफ आर्टस के प्रिंसिपल बने। बाद में के० के० मुकर्जी आचार्य और शैलेन्द्र नाथ डे, उपाचार्य जो नायब साहब के नाम से ही प्रसिद्ध हुए ने यह कार्य भार संभाला। इन्होंने जयपुर की कला को प्रभावित किया और पुनरुत्थान काल में बंगाल द्वारा प्रारम्भ किये भारतीयता को पहचानने के महान यज्ञ में जयपुर को भी साथ ले लिया।

रामगोपाल विजयवर्गीय

इन्हीं शैलेन्द्र नाथ डे के छात्र राम गोपाल विजयवर्गीय आज सत्तर पार कर चुके हैं। विजय

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वर्गीय महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्टस जो अब राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स के नाम से विख्यात है, के प्रिंसिपल बने और इसी पद से १९६६ में अवकाश ग्रहण किया। देश के महत्त्वपूर्ण संग्रहालयों एवं निजी संग्रहों में विजयवर्गीय के चित्र

४०

देखे जा सकते हैं। इन्हें चित्र के साथ साथ कविता कहानी व लेखन में भी उतनी ही रुचि है। सारी शिक्षा दीक्षा परम्परागत तरीके से ही ली इसलिए उर्दू, फारसी पर भी इनका अधिकार है। बेहद मितभाषी, संकोची, उदार हृदय, खूब पैसे से सरोबार और फक्कड़ ये सारे ही गुण देखने हों तो इसी रूप में मिल सकते हैं। रसिकता इतनी कि चाहे चित्र हो चाहे स्वयं किसी को भी इर्ष्या हुए बिना नहीं रहती।

१९५७ में राजस्थान ललित कला आकादमी की स्थापना हुई तो इन्हें उपाध्यक्ष चुना गया। १९५९ में आकादमी द्वारा पुरस्कृत विजयवर्गीय को इसी वर्ष साहित्य आकादमी ने इनकी कविता पुस्तक "अभिसार निशा" के लिये पुरस्कृत किया। राजस्थान का सर्वोच्च कला सम्मान 'कलाविद्' सर्व प्रथम राम गोपाल विजयवर्गीय को देकर ललित कला आकादमी ने अपना कर्तव्य पूरा किया।

राजस्थानी चित्रकला को इन्होंने संभाला, ढूंढा और दूसरे लोगों को समझने के लिये प्रेरित किया। आज यदि कोई चित्र दो-पांच लाख में बिकता है तो इसके पीछे विजयवर्गीय की व्यापारिक बुद्धि और अपनी कला के प्रति प्रेम ही कारण है।

मेघदूत, रसिक प्रिया, कृष्ण लीला व ऐतिहासिक विषय ही नहीं विजयवर्गीय ने जन जीवन को भी नजदीक से देखा और रूपायित किया है। उमर खैय्याम की रूबाइयों को मूर्त किया और उसकी साकी से दर्शकों को रूबरू कराया। फलक ४०।

स्टूडियो : विजयवर्गीय आर्ट गैलेरी, चौड़ा रास्ता, जयपुर।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कृपालसिंह शेखावत

पुनरुत्थान काल के दूसरे कलाकर जो सीधे नन्दलाल बोस का शिष्यत्व प्राप्त कर जयपुर आये वे कृपाल सिंह शेखावत १९२४ में सीकर जिले के मऊ गांव में जन्मे थे। दसवीं कक्षा तक पिलानी में भूरसिंह शेखावत से कला शिक्षा ली साथ ही गांव के महादेव चेजारा और रामदेवा खाती से भी ज्ञान ग्रहण करते रहे। शान्ति निकेतन में ही चित्रकला में तीन वर्ष तक व्याख्याता भी रहे और फिर जापान जाकर माइदा सेसों, आता चाऊ, युकोयामा एवं ताइकान जैसे चित्रकारों का अनुभव भी लिया।

जयपुर आने पर पाबूजी राठौड का विवाह, पाबूजी की कालमी घोड़ी और एक फूलों की तस्वीर बनाई इसी समय आधुनिक नव कला दीर्घा में इनका चित्र खरीदा गया। शान्ति निकेतन के हिन्दी भवन में रामायण प्रसंग के चित्र, बिड़ला भवन नई दिल्ली में पाबूजी का विवाह, जयपुर के रेलवे स्टेशन पर गणगौर का जुलूस, जापान की परमाणु भट्टी में मंजू श्री का चित्र, ओबेराय इन्टर कॉन्टिनेन्टल दिल्ली में रास मण्डल का चित्र तथा अकबर होटल में अकबर का शिकार खेलते हुए चित्र कृपाल सिंह शेखावत ने बनाये हैं।

१९४४ में इन्होने आल इण्डिया फाइन आर्ट्स एण्ड क्राफट्स सोसाइटी से, १९५० में कलकत्ता फाइन आर्ट्स आकादमी द्वारा १९५८ में मध्य प्रदेश ललित कला आकादमी से पुरस्कार प्राप्त किया। राजस्थान ललित कला आकादमी से पांच बार पुरस्कृत हुए। इसी शृंखला में भारत सरकार ने १९७४ में कृपाल सिंह शेखावत को पद्मश्री से सम्मानित किया जो जयपुर ही नहीं राजस्थान भर के लिये गौरव की बात थी।

४१

केन्द्रीय ललित कला आकादमी के लिए आमेर एवं बैराठ बाघ, कांगडा के तीहरा और सुजानपुर के नर्बदेश्वर मन्दिर के भित्ति चित्रों की अनुकृति का दुष्कर कार्य इन्होंने किया और भारतीय संविधान की मूल प्रति में सज्जा का काम भी करने का गौरव प्राप्त किया।

चित्र ही नहीं कृपालसिंह शेखावत ने ब्लूपॉटरी में भी विशेषज्ञ का ज्ञान और कुशल कलाकार का कौशल हॉसिल कर लिया है। एचिंग में भी इनका अच्छा अध्ययन है। राम सिंह शिल्प कला मन्दिर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



४२

के माध्यम से आपने कला शिक्षण भी किया और खूब शिष्य तैयार किये। फलक ४१।

स्टूडियो : बी १८ए, शिवमार्ग, बनीपार्क, जयपुर।

१६३५ में बनी मिश्र की रचना फलक ३४ में बंगाल स्कूल का प्रभाव खूब है। रामगोपाल विजय वर्गीय से बहुत मिलती जुलती इस रचना में सशक्तता है। अजन्ता का प्रभाव और बंगाल की कल्पना लेकर निर्मित इस रचना में वाश और टेम्परा दोनों तकनीकों को मिलाकर ही काम किया गया है। फलक ४२।

रामनिवास वर्मा अकाल मृत्यु के कारण ४५–५० वर्ष की आयु में ही स्वर्गवासी हो गये। कृपाल सिंह शेखावत के साथ शान्ति निकेतन में इन्हें कला शिक्षा मिली। बनस्थली विद्यापीठ में लम्बे समय तक अध्यापन कार्य करने के बाद राजस्थान ललित कला आकादमी में प्रदर्शनी अधिकारी के पद पर आये। मेंहदी मांडणों पर आकादमी से प्रकाशित इनकी पुस्तक बहुत प्रशंसित हुई। आपने केन्द्रीय ललितकला आकादमी के लिए नागौर के महलों में बने भित्ति चित्रों की अनुकृति का काम भी किया। लोक कला का प्रभाव लेकर कृष्ण लीला सम्बन्धित इनकी रचनायें फ० ४३, ४७ आकादमी से पुरस्कृत भी हुईं।

देवकीनन्दन शर्मा

बंगाल का प्रभाव लिये स्कूल ऑफ आर्ट्स

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



४३

जयपुर में और महत्त्वपूर्ण विद्यार्थी तैयार हुए वे हैं देवकी नन्दन शर्मा। अलवर राज्य के कवि कुल में जन्मे इनके पिता कवीश्वर मोहन लाल जयपुर में ही रहने लगे थे। देवकी नन्दन शर्मा ने १९३१ में महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट्स में प्रवेश लिया। पं० शिवनन्द एवं बाद में गंगा बक्स मुसव्वर से इन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त की। बाद में शैलेन्द्र नाथ डे के प्रिय शिष्यों में से एक हो गये। डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद भी शैलेन्द्र बाबू के पास घर पर अध्ययन करते रहे। अगस्त १९३७ से राजस्थान बालिका विद्यालय (अब बनस्थली विद्यापीठ) में शिक्षक पद पर नियुक्त हुए और इस केन्द्र को अन्तर्राष्ट्रीय कला जगत से परिचित करा दिया। और अध्ययन की लालसा ने इन्हें १९४६ में शान्ति निकेतन में नन्द लाल बसु के पास पहुँचा दिया। इसी समय, विनोद बाबू, जो हिन्दी भवन में फ्रेस्को बना रहे थे, के साथ काम में इन्होंने हाथ बँटाया। इनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर नन्द लाल बोस ने इन्हें बनस्थली विद्यापीठ में जयपुर फ्रेस्को की तकनीक सिखाने हेतु शिविर प्रारम्भ करने की सलाह दी। यह प्रबन्ध इन्होंने किया भी जिसके लिये आज बनस्थली विद्यापीठ देश विदेश में जाना जाता है।

ललित कला आकादमी से पुरस्कृत एवं सम्बद्ध देवकीनन्दन शर्मा ने बम्बई जहांगीर आर्ट गैलेरी, जयपुर में आकादमी कला दीर्घा तथा १९७८ में आयोजित राष्ट्रीय कला मेला में अपनी एकल प्रदर्शिनियां कीं।

पक्षी चित्रण इनका प्रिय विषय है। १९६३ में लन्दन की ट्रायन कला वीथि के संचालक ट्रायन ने पक्षियों के चित्रों की प्रदर्शिनी की थी। इसमें ८ देशों के कलाकार प्रदर्शित थे। भारत के कलाकारों में इनके चित्र को प्रतिनिधित्व मिला। मोर,

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कबूतर और कौवों का इनका विषद अध्ययन है। १९६७ में बम्बई की नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी ने भी इनके चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की। आज कल अपने पद से अवकाश प्राप्त कर चुके हैं व साधना में लीन हैं। फलक ४४।

स्टूडियो : ५ अरविन्द निवास, बनस्थली



४४



४५

ए० एच० मूलर

राजस्थान के कला इतिहास में मूलर प्रतिष्ठित नाम है। शिष्यों की लम्बी परम्परा तैयार करने वाला यह कलाकार ट्रावनकोर से था। १९१४ में बम्बई आर्ट सोसायटी से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाला यह सौभाग्य शाली कलाकार १९६० में स्वर्ग

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh



४८

